<u>समाचार</u>

<u>नोवल कोरोना वायरस</u>

# लाकडाउन के दौरान कोई भूखा न सोये, यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण

**(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व आयुक्त श्री राहुल देव ने ली जोन कमिश्नरों की बैठक, भोजन, खाद्य सामग्री वितरण, साफ–सफाई व्यवस्था से जुड़े कार्यो की समीक्षा की)**



कोरबा 11 अप्रैल 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों से कहा कि इस संकट की घड़ी में निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी अथक परिश्रम कर रहे हैं, निगम की इस कवायद का सबसे बड़ा मकसद है कि लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, उसे भर पेट भोजन व खाद्य सामग्री मिले। उन्होने कहा कि इस दिशा में हमे आगे भी और अधिक मेहनत करनी है तथा शहर सेनेटाईजेशन व साफ–सफाई कार्यो पर भी और अधिक परिश्रम करना है।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व आयुक्त श्री राहुल देव ने जोन कमिश्नरों एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों की सोशल डिस्टेंसिंग के साथ बैठक लेकर जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री व भोजन का वितरण एवं शहर सेनेटाईजेशन व साफ–सफाई कार्यो की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा भी उपस्थित थे। यहां उल्लेखनीय है कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु लागू किए गए लाकडाउन के इस समूची अवधि में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दानदाताओं के सहयोग से लगातार जरूरतमंदों को निःशुल्क खाद्य सामग्री व भोजन का वितरण कराया जा रहा है। महापौर श्री प्रसाद व आयुक्त श्री देव ने आज निगम द्वारा किए जा रहे इन कार्यो की समीक्षा की, उन्होने अधिकारियों से कहा कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे, भूखा न सोये, यह सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि दूसरे जिले में जिन व्यक्तियो के राशन कार्ड बने है, उन्हें भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन देने के आदेश शासन द्वारा कर दिए गए हैं, अतः उनको यह लाभ मिलना चाहिए, इसी प्रकार जिन व्यक्तियों का राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं हो पाया तथा किसी कारणवश अपात्र कर दिया गया, उन्हें भी यदि पुराने राशनकार्ड से राशन मिल जाए तो गरीबों को राशन से संबंधित एक बड़ी समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होने अधिकारियों से कहा कि संकट की इस घड़ी में आप सब अथक परिश्रम कर रहे हैं, कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आपके समक्ष उपस्थित होती है तो मुझे अवश्य अवगत कराएं, आपको सभी का सहयोग मिलेगा। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, ए.के.शर्मा, आर.के. चौबे, आर.के.भोजासिया, भूषण उरांव, आर.के. माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, पवन वर्मा आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**आज 1206 लोगों को राशन सामग्री किट, 3670 को बना हुआ भोजन**— आज 3670 व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, वहीं 1206 व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री के किट का वितरण किया गया। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला मण्डल, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा द्वारा 3670 पैकेट बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया।

**सेनेटाईजेशन का कार्य निरंतर जारी**—नगर निगम कोरबा द्वारा निरंतर रूप से शहर सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विभिन्न शासकीय कार्यालयों, पुलिस लाईन, रसियन हास्टल स्थित कोरन्टाईन सेंटर, जिला अस्पताल, निजी चिकित्सालय, वार्ड क्र. 01, 20, 21, 32, 48, 58, 59 सहित अन्य विभिन्न स्थानों का सेनेटाईजेशन कार्य कराया गया तथा नियमित साफ—सफाई के कार्यो के साथ—साथ डोर—टू—डोर अपशिष्ट संग्रहण सहित अन्य आवश्यक कार्य किए गए।

**तोड़ा लाकडाउन व फिजिकल डिस्टेंसिंग, लगा 10500 रू. अर्थदण्ड**— निगम के बालको जोनांतर्गत 04 दुकानदारों द्वारा लाकडाउन के उल्लंघन के साथ ही दुकानों पर व्यवसाय के दौरान फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कराया जा रहा था, जिस पर निगम के अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर इन चारों दुकानदारों पर कुल 10500 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया।